**प्रेरणा**

"मन के भरोसे बैठे रहने से कुछ नही मिलता है। इसकी बजाए आप कर्म करते रहेंगे तो अवश्य ही कुछ ना कुछ पाते रहेंगे। इसलिए हमेशा कर्म करते रहे क्योंकि यही आपको आगे सफल बनाएगा।"

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 02 JUNE TO 08 JUNE 2023 • VOLUME 45 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply

### लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग पर हरियाणा पुलिस की स्ट्राईक

# 10 शूटर हथियारों के साथ गिरफ्तार



**गुरूग्राम.** हरियाणा पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उसने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ से जुड़े 10 शूटरों को गुरुग्राम जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चार पिस्टल, 28 जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, एक होंडा सिटी और पुलिस की वर्दी के सात सेट बरामद किए हैं। एक वाहन के दिल्ली से चोरी होने की सूचना थी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि 'गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राकेश कुमार उर्फ अनिल, हरजोत सिंह उर्फ लीला, अजय ईशरवालिया उर्फ पंजाबी, प्रिंस उर्फ गोलू, जोगिंदर उर्फ जोगा, संदीप उर्फ दीप और सिंदरपाल उर्फ बिट्टू शामिल हैं। उन्हें मेंहदवाड़ा, भोंडसी, गुरुग्राम से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ के बाद, उनके तीन सहयोगियों धर्मेंद्र उर्फ धर्मा, दीपक उर्फ दिलावर और भारत को राजीव चौक देवी लाल स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ के दौरान पता चला कि गिरफ्तार किए गए लोग लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के सक्रिय शूटर हैं। वे गुरुग्राम में एक बड़ी डकैती और अपहरण की घटना को अंजाम देने आए थे। हालांकि, इससे पहले कि वे अपनी योजना को अंजाम देते, पुलिस उन्हें पकड़ने में कामयाब रही। पुलिस के अनुसार, शूटरों की योजना में खुद को पुलिस अधिकारियों के रूप में प्रस्तुत करना शामिल था। जोगिंदर एक निरीक्षक के रूप में और अन्य पुलिसकर्मी के रूप में काम कर रहे थे। इरादा किसी का अपहरण कर करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने का था। गिरफ्तार आरोपियों और गिरोह के नेताओं के बीच संबंधों के बारे में अधिक जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा और वीरू के निर्देश पर इन अपराधों को अंजाम दिया, जिनके बारे में माना जाता है कि वे विदेश में रह रहे हैं। वे गुरुग्राम में अपने ऑपरेशन को सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस की वर्दी, बेल्ट, जूते और अन्य सामान लाए थे। गिरोह के सदस्यों ने गोल्डी बराड़ और विदेशों में अन्य लोगों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखा।

## पंजाब पुलिस ने 'ऑपरेशन ब्लूस्टार वर्षगांठ' को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को यकीनी बनाया



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

ऑपरेशन ब्लूस्टार वर्षगांठ- जिसे घल्लूघारा सप्ताह के नाम से भी जाना जाता है, को ध्यान में रखते हुए, पंजाब पुलिस ने इस सप्ताह के शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने को सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में सुरक्षा कड़ी कर दी है। आम जनता में विश्वास जगाने के उपाय के रूप में गुरुवार को सीपीज/एसएसपीज के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अपने संबंधित जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी किया। सभी 28 पुलिस जिलों में 192 संवेदनशील क्षेत्रों को कवर करते हुए 110 फ्लैग मार्च किए गए।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देश पर यह अभ्यास मुख्यमंत्री भगवंत मान के दृष्टिकोण के अनुसार पंजाब को सुरक्षित बनाने के लिए चल रहे अभियान के तहत आयोजित किया गया था।

विशेष डीजीपी कानून व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि सीपीज/एसएसपीज को अपने-अपने जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस टीमों ने फ्लैग मार्च के दौरान 368 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा भी है।

उन्होंने कहा कि इस कवायद का उद्देश्य किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को तैयार करने के अलावा आम जनता के आत्मविश्वास को बढ़ाना था।

# पंजाब यूनिवर्सिटी पर पंजाब के हक को लेकर सीएम मान ने रखा अपना पक्ष

### पंजाब यूनिवर्सिटी की ग्रांटों को लेकर पंजाब-हरियाणा की हुई मीटिंग



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के स्वरूप में किसी भी तरह के बदलाव को रोकने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ वचनबद्धता को दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज कहा कि यह यूनिवर्सिटी राज्य की विरासत है और इसमें कोई भी बदलाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ एक बैठक में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य और इसके लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। भगवंत मान ने यूनिवर्सिटी से जुड़े तथ्यों को मजबूती के साथ दर्ज करते हुए कहा कि इस संस्थान के एतिहासिक, सांस्कृतिक और प्रांतीय महत्व को देखते हुए इसका पंजाब के लोगों के साथ दिल और भावनात्मक रिश्ता है। उन्होंने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी पंजाब की विरासत का प्रतीक है और यह पंजाब के नाम की समानअर्थी भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी केवल पंजाब और उसकी राजधानी चंडीगढ़ की जरूरतों को पूरा करती है। यूनिवर्सिटी का इतिहास, कानून, विशेष, सामाजिक-सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जड़ों के साथ शिक्षक और छात्र भी मुख्य तौर से पंजाब राज्य से जुडे होने का हवाला देते हुए भगवंत मान ने कहा कि पंजाब राज्य का पंजाब यूनिवर्सिटी का मौजूदा कानूनी और प्रबंधकीय दर्जा बहाल रखा जाना चाहिए।

भगवंत मान ने याद दिलाया कि वर्ष 1966 में पंजाब के पुनर्गठन के अवसर पर पंजाब यूनिवर्सिटी को संसद द्वारा लागू किए पंजाब पुनर्गठन अधिनियम-1966 की धारा 72 (1) के अधीन 'इंटर स्टेट बाडी कारपोरेट' घोषित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी अपनी शुरुआत से लेकर पंजाब में अपना कामकाज लगातार और बिना किसी बाधा के कर रही है। भगवंत मान ने याद करवाया कि इस संस्था को लाहौर जो उस समय पंजाब की राजधानी थी से होशियारपुर तबदील कर दिया गया और उसके बाद पंजाब की मौजूदा राजधानी चंडीगढ़ में तबदील कर दिया । उन्होंने कहा कि इस समय पंजाब में 175 कॉलेज यूनिवर्सिटी से मान्यता प्राप्त है और यह कालेज फाजिल्का, फिरोजपुर, होशियारपुर, लुधियाना, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब और एसबीएस नगर में स्थित है।

# नगर निगमों और नगर परिषदों में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति सुनिश्चित की जाएगी : बलकार सिंह

### *मंत्री के जालंधर पहुँचने पर पंजाब पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया*

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने आज कहा कि पंजाब के सभी नगर निगमों और नगर परिषदों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी ताकि पंजाब की सभी स्थानीय निकायों में सुचारू और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित कि जा सके।

इस अवसर पर सांसद सुशील कुमार रिंकू, विधायक रमन अरोड़ा, डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा के साथ स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि शहर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया जाएगा ताकि लोगों को स्वच्छ पीने का पानी, साफ-सफाई, बढिया सड़क बुनियादी ढांचा, स्ट्रीट लाइटिंग जैसे लाभ प्रदान किए जा सके। उन्होंने कहा कि जालंधर ने सुशील कुमार रिंकू को बड़े अंतर से जीता कर मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार में विश्वास दिखाया है और अब हमारा कर्तव्य है कि शहर को देश के प्रमुख शहरों में से एक बनाकर जालंधर के लोगों की उम्मीदों को पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस शहर के विकास को नई राह पर लाने के लिए जालंधर में कई विशेष प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द यह सभी को स्पष्ट हो जाएगा कि सरकार जालंधर शहर के लिए बड़े प्रोजैक्ट शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इससे पहले कैबिनेट मंत्री के शहर पहुँचने पर पंजाब पुलिस की टुकड़ी ने उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया और डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने स्थानीय सर्किट हाउस में मंत्री का स्वागत किया।

## पंजाब-दिल्ली में जेड प्लस सुरक्षा की जरूरत नहीं : भगवंत मान

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की सुरक्षा टीम ने गुरुवार को केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखकर कहा है कि उन्हें पंजाब और दिल्ली में जेड प्लस सुरक्षा की जरूरत नहीं है। उनके लिए पंजाब पुलिस और सीएम सुरक्षा की स्पेशल टीम ही काफी है। इस फैसले की वजह बताते हुए चिट्ठी में लिखा गया है कि पंजाब और दिल्ली में 2 सुरक्षा चक्र होने की वजह से प्रॉब्लम हो सकती है। उन्होंने लिखा कि 2 कमांड की वजह से सुरक्षा में नुकसान हो सकता है।

# राजस्व रिकार्ड में फेरबदल करने के दोष अधीन नायब तहसीलदार और सेवामुक्त पटवारी गिरफ़्तार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

गुरूवार को बलविन्दर सिंह नायब तहसीलदार सरदूलगढ़ और जगजीत सिंह जग्गा पटवारी (सेवामुक्त) को विजीलेंस ब्युरो की टीम द्वारा गिरफ़्तार किया गया है।

विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि साल 2017 में दर्ज विजीलेंस पड़ताल सम्बन्धी की गई जांच के दौरान सामने आया कि उक्त बलविन्दर सिंह नायब तहसीलदार सरदूलगढ़ (अब कानूगो) और जगजीत सिंह अब पटवारी राजस्व हलका सेमां द्वारा राजस्व विभाग के रिकार्ड में फेरबदल करके गाँव सेमां, तहसील नथाणां ज़िला बठिंडा की करीब 28 एकड़ शामलात ज़मीन में प्राईवेट व्यक्तियों को मालिक और ख़ुदकाश्त बना दिया गया। पटवारी द्वारा कानूगो बलविन्दर सिंह के साथ मिलीभगत के द्वारा जमांबन्दी 2005-06 में प्राईवेट व्यक्तियों को काश्तकार से मालिक बना दिया गया और बाद में इन मालिकों द्वारा यह शामलात ज़मीन गिरवी रखकर बैंकों से लाखों रुपए के कर्ज़े हासिल किये गए। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों मुलजिमों को सबूत सामने आने पर इस मुकद्दमे में दोषी नामज़द करके गिरफ़्तार कर लिया है।

## 2 लाख रुपए रिश्वत लेता दुकानदार काबू

पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने आज गांधी चौक, बटाला, ज़िला गुरदासपुर में जिम सप्लीमेंट की दुकान चलाने वाले अमन नाम के एक प्राईवेट व्यक्ति को पुलिस सिपाही के लिए 2 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। इस केस में मुलजिम सिपाही की पहचान मोहित बेदी के तौर पर हुई है, जो स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) बटाला की टीम में तैनात है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने दोष लगाया कि एस.टी.एफ. बटाला की पुलिस टीम ने सोमवार को उक्त जिम में छापा मारा और उसके पति को जिम से गिरफ़्तार कर लिया। एस.टी.एफ. की टीम ने उनके घर की भी बारीकी से तलाशी ली परन्तु कोई भी नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। महिला ने दोष लगाया कि सिपाही मोहित ने उसको उक्त दुकानदार अमन, जोकि उसके पति का दोस्त भी है, को मिलने के लिए कहा ताकि उसके पति को बिना किसी आपराधिक मुकद्दमा दर्ज किए रिहा कराया जा सके। उक्त दुकानदार अमन ने उसको 10 लाख रुपए रिश्वत का प्रबंध करने और रिश्वत की पहली किश्त के तौर पर 2 लाख रुपए पुलिस मुलाज़िम मोहित को देने के लिए कहा। प्राथमिक जांच के उपरांत विजीलेंस ब्यूरो ने जाल बिछाकर दोषी दुकानदार अमन को दो सरकारी अधिकारियों की हाज़िरी में शिकायतकर्ता से 2 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू कर लिया। अपराधी सिपाही की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा छापेमारी जारी है।

### प्रचंड के साथ बैठक के बाद पीएम मोदी बोले-

# सुपरहिट रही है भारत-नेपाल की सांझेदारी



**काठमांडू.** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' चार दिनों की भारत यात्रा पर हैं। आज उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल अपने द्विपक्षीय संबंधों को हिमालयी ऊंचाइयों पर ले जाने और सीमा मुद्दे सहित सभी मामलों को इसी भावना के साथ हल करने का प्रयास करेंगे। मोदी ने यह भी कहा कि कहा कि उन्होंने और प्रचंड ने भविष्य में दोनों देशों के बीच साझेदारी को 'सुपर हिट' बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

बैठक के बाद मीडिया को दिए बयान में मोदी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और नेपाल के बीच साझेदारी सुपरहिट रही है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 9 सालों में कई क्षेत्रों में बहुत कुछ हासिल किया है। अगर मैं उन उपलब्धियों का वर्णन करना शुरू कर दूं तो पूरा दिन लग जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज हमने अपनी पार्टनरशिप और संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं 2014 में नेपाल गया था, तब मैंने भारत-नेपाल संबंधों के लिए 'हिट' फ़ॉर्मूला प्रस्तावित किया था। एच: राजमार्ग, आई: तरीके और टी: ट्रांसवे। मैंने यह भी उल्लेख किया कि हम भारत और नेपाल के बीच ऐसे जुड़ाव को विकसित करेंगे कि 'हमारे बीच की सीमाएं हमारे बाधा न बनें'।

## मान कटारूचक्क के खिलाफ एक्शन लें : गवर्नर



**चंडीगढ़.** गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित ने सीएम भगवंत मान को कहा कि कटारूचक्क के खिलाफ तुरंत एक्शन लेना चाहिए। आरोपी मंत्री को कैबिनेट में रहने का कोई अधिकार नहीं है। दरअसल गवर्नर कटारूचक्क के कथित वीडियो की फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद से सीएम मान को कार्रवाई करने के बारे में कह रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार द्वारा अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

# केजरीवाल को मिला स्टालिन का भी साथ

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/नई दिल्ली/चेन्नई



केंद्र द्वारा एक अध्यादेश के जरिए दिल्ली की चुनी हुई सरकार से छीने गए अधिकारों को वापस दिलाने के लिए अब द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) भी दिल्लीवालों के साथ है। गुरुवार को चेन्नई में 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुलाकात के बाद डीएमके के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली की जनता का साथ देने की घोषणा की।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र का अध्यादेश लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। गत 11 मई को अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की चुनी हुई सरकार को ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिया था, जिसे मात्र आठ दिन में ही एक अध्यादेश लाकर केंद्र ने पलट दिया है। अगर सभी गैर भाजपा दल एक साथ आते हैं, तो केंद्र का यह बिल राज्यसभा में गिरा सकते हैं। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि हम दिल्ली की जनता के साथ हैं और राज्यसभा में केंद्र के अध्यादेश का पुरजोर विरोध करेंगे। मैं सभी विपक्षी दलों से अपील करता हूं कि वे भी केंद्र के इस अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल का समर्थन करें।

# रंग बदलता है अचलेश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग, दर्शन करने से होती है मनोकामना पूर्ण



**DHARAM YATRA**

**भारत में तमाम मंदिर हैं, अलग-अलग मंदिरों से जुड़े कुछ इंटरेस्टिंग फैक्ट्स भी हैं। यहां हम बता रहे हैं अचलेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े कुछ फैक्ट्स के बारे में।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

भारत में खूब फेमस मंदिर है। बात करें शिव मंदिरों की तो दुनियाभर में खूब शिव मंदिर हैं। कुछ ऐसे भी मंदिर हैं जिनसे जुड़े कई इंटरेस्टिंग फैक्ट्स हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बता रहे हैं राजस्थान के एक ऐसे मंदिर के बारे में, जिससे जुड़े फैक्ट्स जानकर आप हैरान रह जाएंगे। हम बता रहे हैं धौलपुर राजस्थान में स्थित अचलेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े फैक्ट्स।

### मंदिर से जुड़े फैक्ट्स

### रंग बदलता है शिवलिंग

अचलेश्वर महादेव मंदिर से जुड़ा सबसे बड़ा फैक्ट ये है कि इस मंदिर में स्थित शिवलिंग दिन में तीन बार अपना रंग बदलता है। रिपोर्ट्स की मानें तो सुबह यह लाल होता है, फिर यह दोपहर में अपना रंग बदलकर केसरिया कर लेता है और शाम को इसका रंग गेहुंआ हो जाता है। लोगों का कहना है कि रंग बदलने की बात को समझने के लिए कई बार मंदिर के पास खुदाई भी की गई है। हालांकि, कोई खास वजह नहीं मिली।

### पूरी होती है मनोकामना

इस मंदिर के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि भगवान अचलेश्वर महाराज हर भक्त की इच्छा पूरी करते हैं। इसके अलावा कहा जाता है कि लड़के और लड़कियां यहां अपनी सफल शादी की मनोकामना करते हैं।



**FASHION+**

# कान्स 2023 के रेड कार्पेट पर अनुष्का शर्मा का डेब्यू, स्टनिंग लुक से जीत लिया दिल

**कान फिल्म फेस्टिवल के 11वें दिन अनुष्का शर्मा रेड कार्पेट पर पहुंची और उनके अट्रैक्टिव लुक ने हर किसी को इंप्रेस कर लिया। आइवरी शेड के गाउन में अनुष्का काफी खूबसूरत दिख रही थीं।**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

अनुष्का शर्मा ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपने गॉर्जियस लुक से हर किसी को इंप्रेस कर लिया है। जिसकी फोटोज उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। कान फिल्म फेस्टिवल के 11वें दिन इंडियन ब्यूटी अनुष्का शर्मा रेड कार्पेट पर नजर आईं। जहां उनके स्टाइलिश, एलिगेंट लुक को देख फैंस बेहद खुश दिख रहे हैं। लोरियल पेरिस ब्यूटी ब्रांड को रिप्रजेंट कर रहीं अनुष्का शर्मा ने इस फिल्म फेस्टिवल के आखिरी दिन को चुना। पार्टी से लेकर रेड कार्पेट के लिए रेडी अनुष्का शर्मा की तस्वीरों से नजरें हटाना मुश्किल दिख रहा है।

### रेड कार्पेट के लिए चुना खूबसूरत 3डी गाउन

अनुष्का शर्मा ने काफी लंबे समय बाद कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया। हालांकि वो पहली बार में ही तारीफ बटोर रही हैं। मिसेज कोहली ने इस इवेंट के लिए 3डी फूलों से सजा आइवरी गाउन चुना। जिसकी ऑफ शोल्डर डिजाइन और फिगर हगिंग फिटिंग अट्रैक्टिव लुक दे रही थी।

### कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर स्टाइल ने चुराया दिल

अनुष्का शर्मा का 3डी फ्लोरल गाउन रिचर्ड क्विवन के कलेक्शन से लिया गया है। वहीं स्लीक बन और सॉफ्ट कोहल ब्राउन आई मेकअप अट्रैक्टिव दिख रहा है। जिसे अनुष्का ने न्यूड मैट पिंक लिपस्टिक और हाईलाइटर के साथ सॉफ्ट पिंक ब्लस चिक्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं डायमंड स्टड ईयररिंग्स के साथ स्टेटमेंट रिंग पूरे लुक में चार चांद लगाने के लिए काफी दिख रही हैं।





# ब्रोकली खाने से दूर भागते हैं तो बनाएं **मलाई ब्रोकली** की ये मजेदार डिश

**ब्रोकली काफी हेल्दी होती है लेकिन इसके स्वाद की वजह से इसे ज्यादातर लोग खाना नहीं चाहते। ब्रोकली से बनी ये मलाई ब्रोकली की मजेदार डिश चखने के बाद सब आसानी से खा लेंगे।**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

ब्रोकली का स्वाद अक्सर लोगों को पसंद नहीं आता। जिसकी वजह से हेल्दी और न्यूट्रिशियस ब्रोकली बहुत कम लोग ही खाते हैं। अगर आप फैमिली की डाइट में ब्रोकली को शामिल करना चाहती हैं तो इस मजेदार सी डिश को ट्राई करें। जिसे खाने के बाद सबको ब्रोकली से प्यार हो जाएगा। मलाई ब्रोकली बनाने के लिए टेस्टी मसालों की कोटिंग कर इसे ओवन में बेक किया जाता है। तो चलिए जानें कैसे बनाएंगे मलाई ब्रोकली की ये रेसिपी।

### मलाई ब्रोकली बनाने की सामग्री

- 200 ग्राम ब्रोकली
- 50 ग्राम क्रीम
- 6-7 लहसुन की कलियां
- नमक स्वादानुसार
- एक चौथाई गरम मसाला पाउडर
- आधा कप हैंग कर्ड
- 2 इंच अदरक का टुकड़ा
- सफेद मिर्च का पाउडर
- एक चौथाई चम्मच चीनी
- एक चौथाई हरी इलायची
- 100 ग्राम मॉजरेला चीज
- चाट मसाला
- 50 प्रोसेस्ड चीज

### मलाई ब्रोकली बनाने की विधि

- सबसे पहले ब्रोकली के फूलों को अलग कर लें। फिर इन्हें पानी से धोने के बाद गर्म पानी में डालकर हल्का पका लें।
- किसी बाउल में पानी निथरी दही लें। इसमे प्रोसेस्ड चीज और क्रीम को मिला लें।
- अब इसमे बारीक कटा अदरक, लहसुन डालें। साथ में सफेद मिर्च का पाउडर, नमक, चीनी, गरम मसाला, इलायची पाउडर डालकर मिक्स कर लें।
- हल्की पकी हुई ब्रोकली को क्रीमी मिक्सचर में डालकर कोट कर लें
- अब इन सारी ब्रोकली को बेकिंग ट्रे पर रखें और ओवन में 180 डिग्री पर दस मिनट के लिए बेक करें। सबसे आखिर में ऊपर से मॉजरेला चीज डालकर मेल्ट करें।
- अगर ओवन नहीं है तो स्टिक में सारी ब्रोकली को फंसाकर नॉनस्टिक तवे पर सेंक लें। और ऊपर से चीज डाल दें।
- बस गर्मागर्म चाट मसाला स्प्रिंकल कर सर्व करें।

# नहलाने से पहले या बाद में कब करनी चाहिए शिशु की मालिश? बेबी केयर से जुड़े इन मिथकों की सच्चाई

**PARENTING**



**त्वचा पर लगाया गया मॉइस्चराइजर स्किन से रूखेपन को खत्म करके जलन से बचाव और अच्छे बैक्टीरिया के विकास में मदद करता है। लेकिन एक अच्छे मॉइस्चराइजर को लेकर कई ऐसे मिथक हैं**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चों की त्वचा बेहद नाजुक और लगातार विकसित होने वाली होती है। यही वजह है कि उनके लिए कोई भी स्किन केयर प्रोडक्ट्स चुनते समय माता-पिता हर चीज का खास ख्याल रखते हैं। बच्चे के पैदा होते ही सबसे पहले उसकी त्वचा के लिए सुरक्षित साबुन और मॉइस्चराइजर की तलाश शुरू हो जाती है। त्वचा पर लगाया गया मॉइस्चराइजर स्किन से रूखेपन को खत्म करके जलन से बचाव और अच्छे बैक्टीरिया के विकास में मदद करता है। लेकिन एक अच्छे मॉइस्चराइजर को लेकर कई ऐसे मिथक हैं जिनके बारे में...

### बच्चों के मॉइस्चराइजर से जुड़े कुछ मिथक-

- शिशु की त्वचा को हमेशा मॉइस्चराइज करने की जरूरत होती है।
  - आईएपी दिशानिर्देश अनुसार, भले ही शिशु की त्वचा में रूखेपन का कोई लक्षण नजर न आ रहा हो बावजूद इसके वो हमेशा क्लीनिकली सूखी हुई रहती है। इसलिए शिशु की त्वचा पर मॉइश्चराइजर लगाना जरूरी होता है।
- तेल मालिश करने के बाद शिशु को मॉइश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं।
  - आईएपी दिशानिर्देशों के अनुसार, तेल मालिश के कई फायदे होते हैं। यही वजह हे कि सूरजमुखी का तेल, नारियल का तेल या खनिज तेल के उपयोग की सिफारिश की जाती है। हालांकि बात जब ऑयल मसाज की होती है तो इसे करने से बच्चे की बॉडी में ब्लड फ्लो अच्छा बना रहने के साथ त्वचा को भी लाभ मिलता है।
- क्या बच्चे को करनी चाहिए जैतून और सरसों का तेल से मालिश।
  - अक्सर माता-पिता बच्चे की मालिश करने के लिए कई तरह के तेल का उपयोग करते हैं। लेकिन दादी-नानी के जमाने से चली आ रही इस प्रथा के विपरीत आईएपी दिशानिर्देश बच्चे की मालिश के लिए खासतौर पर जैतून और सरसों के तेल को उपयोग करने के लिए मना करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये दोनों ही तेल शिशुओं के लिए मॉइस्चराइजर के विकल्प के रूप में नहीं माने जाते। इन तेलों की प्रकृति को देखते हुए, वे शिशु की त्वचा में जलन, चकत्ते और एलर्जी का कारण बन सकते हैं।

***नोट :** इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# 1 अनार में छिपा है इतना सारा पोषण, रोजाना खाने से दूर होंगी कई बीमारियां

**HEALTH CARE**

**अनार में ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं। रोजाना एक अनार खाने से सेहत को काफी सारे फायदे होते हैं और शरीर की इन बीमारियों से छुटकारा पाने में मदद मिलती है।**

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

एक अनार और सौ बीमार कहावत यूं ही नहीं कही गई है। रोजाना एक अनार खाने से पूरी 10 बीमारियों को दूर करने में मदद मिलती है। अनार के लाल-लाल दानों में ढेर सारे न्यूट्रिशन होते हैं। जो शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता देते हैं और काफी सारी बीमारियों को दूर करने में भी मदद करते हैं। तभी तो सेहत बिगड़ने पर दादी-नानी से लेकर डॉक्टर तक अनार खाने की सलाह देते हैं।

### इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद

अनार में कैल्शियम, पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम. आयरन, विटामिन जैसे भरपूर पोषक तत्व होते हैं। अनार में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर होते हैं। जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। फ्री रेडिकल्स हमेशा शरीर को प्रोटेक्ट करते हैं लेकिन जरूरत से ज्यादा फ्री रेडिकल्स कई सारी क्रॉनिक डिसीज को जन्म देते हैं। अनार खाने से इन क्रॉनिक डिसीज से बचाव होता है और इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

### सूजन से जुड़ी बीमारियों में आराम

कुछ स्टडी में पता चला है कि अनार का जूस पीने से बॉडी में सूजन की दिक्कत को खत्म करते हैं।

### दिल की बीमारियों में आराम

अनार में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी ऑक्सीडेंट गुण दिल की बीमारियों से बचाने में हेल्प करते हैं। अनार में मौजूद पॉलीफेनॉलिक कंपाउट्स दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है। धमनियों में जमने वाले प्लाक को अनार का जूस खत्म करता है। जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे खतरे से बचने में मदद मिलती है।

### ब्लड प्रेशर लो करने में मदद

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर अनार में मौजूद कंपाउड धमनियों की सूजन को कम करता है। जिससे ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद मिलती है।

### अनार में मौजूद होती है एंटी कैंसर प्रॉपर्टीज

कई सारी स्टडी में पता चला है कि अनार इंफ्लेमेशन और कैंसर सेल से लड़ने में मदद करते हैं। अनार खाने से कैंसर सेल की ग्रोथ कम हो जाती है। लीवर कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर में अनार खाना फायदेमंद होता है।



### किडनी स्टोन से बचाव

अनार का जूस पीने से ब्लड में ऑक्सलेट्स, कैल्शियम और फास्पेट्स का कंसन्ट्रेशन सही होता है। जिसकी वजह से किडनी स्टोन बनने का प्रोसेस रुकता है। वहीं रोजाना अनार खाने से किडनी स्टोन को गलाने में मदद मिलती है।

### मुंह की दुर्गंध और दांतों की सड़न से बचाव

अनार में ओरल जर्म्स और दांतों की सड़न पैदा करने वाले कीटाणुओं से लड़ने वाले माइक्रोबैक्टीरिया होते हैं। जो मुंह की बदबू दूर करने और दांतों को सड़ने से बचाते हैं।

### डाइजेशन

अनार में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है। जो डाइजेस्टिव सिस्टम को सही रखने और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है।

### एंटी एंजिंग का काम

अनार में विटामिन सी भरपूर होता है जो एंटी एंजिंग का काम करता है। बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करने, खुजली, जलन को कम करने में मदद करता है। ये त्वचा में कोलेजन को बूस्ट करता है और स्किन का लचीलापन बढ़ाता है।

### एनीमिया की कमी

अनार शरीर में रेड ब्लड सेल्स को बढ़ाता है। जिससे शरीर में एनीमिया और खून की कमी दूर होती है।

*नोट : इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# स्वतंत्र भारत का सपना हो रहा साकार

• 'सर्वे भवंतु सुखिनः' आर्थात इस धरती पर सब सुखी हों, सब समृद्ध हों। • देश की विदेश नीति ने वैश्विक पटल में भारत की अग्रणी भूमिका की दिशा में काफी सम्मान अर्जित किया है।

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

दुनिया की सबसे प्राचीन मानव सभ्यता और सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे जीवंत भारतीय लोकतंत्र का सपना था 'सर्वे भवंतु सुखिनः' आर्थात इस धरती पर सब सुखी हों, सब समृद्ध हों। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। निर्णायक प्रशासनिक कौशल, अपार जन-समर्थन और आधुनिक तकनीक के साथ एक संकल्पवान प्रधानमंत्री ने इसे संभव कर दिखाया है। इससे युवाओं, महिलाओं, किसानों, शोषितों, वंचितों और सबसे गरीब लोगों में आशा जगी है और विश्वास बना है कि केंद्र में उनकी सरकार है जो उनके जीवन उत्थान के लिए अहर्निश काम कर रही है।

अतीत में देश प्रधानमंत्रियों ने स्वयं स्वीकार किया है कि अंतिम लाभार्थी तक सरकार द्वारा उनके लिए आवंटित राशि का लगभग 14-15 प्रतिशत हिस्सा ही उन्हें मिल पाता है। वर्तमान प्रधानमंत्री ने लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित की है। लगभग 48 करोड़ लोगों के बैंक एकाउंट खोले गए ताकि लाभार्थियों को उनका हक बिना किसी लीकेज के सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिले। हालांकि बेरोजगारी दुनिया भर में एक बड़ा मुद्दा है लेकिन इससे बेहतर तरीके से निपटने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने सकारात्मक और प्रभावी कदम उठाये हैं। न केवल शहरों में बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों में भी अधिक कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं।

वर्तमान केंद्र सरकार ने श्रम एवं श्रमिकों के गरिमापूर्ण जीवन के लिए कई कदम उठाये। श्रमिकों के लिए श्रम योगी मानधन योजना बनाई गई। कई अवसरों पर स्वयं प्रधानमंत्री ने स्वयं श्रमवीरों को सम्मानित किया है। भरत की श्रम शक्ति ने देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनका सम्मान निश्चित रूप से एक सराहनीय कदम है। देश ने बीते 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। अतीत में यूरोप की यात्रा के दौरान मैं कई लोगों की टिप्पणियां सुनता था कि यूरोप जैसा बुनियादी ढांचा और यात्रा में आसानी भारत में कभी नहीं हो सकती लेकिन इतने कम समय में वे सभी गलत साबित हुए हैं।

बीते सालों में दुनिया सदी की सबसे विनाशकारी कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ती जलवायु संबंधी चिंताएं, सप्लाई चेन में अवरोध, दुनिया भर में लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति, दुनिया के कई हिस्सों में ध्रुवीकरण, देशों के बीच घटते विश्वास एवं सहयोग तथा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे विश्व स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं। इस आलोक में जहाँ एशिया में कई सरकारें विफल सिद्ध हो रही हैं, भारत बीते 9 साल में अपने साहसिक निर्णयों और बुद्धिमत्ता पूर्ण उठाये गए क़दमों के बल पर एक मजबूत और तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

देश की विदेश नीति ने वैश्विक पटल में भारत की अग्रणी भूमिका की दिशा में काफी सम्मान अर्जित किया है। ये सच है कि भारत में दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा रहता है लेकिन भारत की आवाज़ कभी भी उस तरह से नहीं सुनी गई जैसे अब सुनी जा रही है। आज भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। कुल मिलाकर, अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत की धाक जमी है और भारत अपना सही स्थान पा रहा है। इसका श्रेय केवल और केवल वर्तमान सरकार एवं उसकी सही नीतियों को जाता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान किसी का पक्ष नहीं



**श्री श्री रवि शंकर**
(आध्यात्मिक गुरु)

लेने की कुशल नीति और दुनिया को तर्कपूर्ण जवाब तथा अन्य वैश्विक मुद्दों पर भारत की सार्थक पहल ने भारत को एक मजबूत वैश्विक शक्ति, एक परिपक्व मध्यस्थ और दुनिया के पेसमेकर के रूप में स्थापित किया है। जहाँ दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धराशायी हो रही हैं और दुनिया भर के कई देशों में मुद्रास्फीति एक बड़ा मुद्दा है, वहां भारतीय अर्थव्यवस्था ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। मोदी सरकार ने कोविड महामारी के दौरान गरीब कल्याण अन्न योजना जैसा क्रांतिकारी कदम उठाया यह सुनिश्चित करने के लिए ताकि देश में कोई भूखा न सोने पाए। यह एक लोक-कल्याणकारी सरकार की संवेदनशीलता को दिखाता है जिसकी सर्वत्र सराहना हुई।

भारत में घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद होने के बावजूद देश के तीर्थस्थलों का विकास आजादी के 70 सालों में भी न हो पाया था। तीर्थस्थलों में गंदगी का अंबार था और बुनियादी ढाँचे जर्जर थे। पिछली केंद्र सरकारों ने इसकी पूरी तरीके से अनदेखी की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी तीर्थस्थलों और आष्टा के केंद्रों के जीर्णोद्धार एवं वहां विकास का बीड़ा उठाया। पिछले कुछ वर्षों में काशी, उज्जैन, सोमनाथ, अंबाजी, ऋषिकेश, केदारनाथ, बदरीनाथ जैसे महान तीर्थस्थलों का जो स्वरूप बदला है, उसने श्रद्धालुओं के मन में आशा, विश्वास एवं आकांक्षाओं की नई बुनियाद रखी है।

हालांकि सभी राजनीतिक नेताओं और पार्टियों की धार्मिक अनुष्ठानों और प्रथाओं में आस्था है, लेकिन वे इसके बारे में कभी खुले नहीं थे। ये प्रधानमंत्री मोदी ही हैं जिन्होंने इसे स्वीकार करने में कभी हिचक नहीं दिखाई और अपने कर्तव्यों का अक्षरशः पालन करने के साथ-साथ इसके गौरव को भी फिर से स्थापित किया। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं को भारतवर्ष की इन अमूल्य विरासतों से परिचित कराया। किसी भी समाज की प्रगति लोगों के विश्वास और आत्म-सम्मान पर निर्भर करती है। अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति का सम्मान करने से समाज में आत्म-सम्मान पैदा होता है और यह बिना किसी हिचकिचाहट और पूर्वाग्रह के बहुत अच्छी तरह से किया गया है।

कला और संस्कृति को नरेन्द्र मोदी सरकार ने बहुत महत्व और प्रोत्साहन दिया है। कई नए संग्रहालय खोले गए हैं और कला के सभी रूपों को जगह मिली है। इससे पता चलता है कि हमारे पास क्या संभावनाएं हैं और कैसे हम 'स्लीपिंग जायंट्स' के रूप में उसाँसे ले रहे थे जिसे अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास ही नहीं था। भारत ने शिक्षा क्षेत्र में भी क्रांतिकारी कदम उठाये हैं। पुरानी औपनिवेशिक शिक्षा प्रणाली की तुलना में नई शिक्षा नीति एक ऐसी क्रांति है जो पुरातनता के साथ-साथ आधुनिक सभ्यता की बुद्धिमत्ता पर आधारित है। भारतीय प्रतिभा का पूरी दुनिया में सम्मान होता है। अब उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए एक खुला मैदान मिला है। शिक्षा में सुधार की पहल ने देश में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की है और इसे सर्व-सुलभ बनाया है।

जिस पूर्वोत्तर को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया, वह अपनी कई संभावनाओं के प्रति जागृत हो उठा है। जम्मू-कश्मीर में विकास के एक नए युग का उदय और महिलाओं को दिया गया न्याय 'न्यू इंडिया' की अवधारणा को रेखांकित करता है। यह दर्शाता है कि अपने ही लोगों के साथ की गई गलती को कैसे सुधारा जा सकता है। यह तथाकथित निंदकों और आलोचकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। बहुत से लोग इस बात से वाकिफ नहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने अफगानिस्तान को एक नया संसद भवन उपहार में दिया है। नाइजीरिया में राष्ट्रपति भवन भी कुछ साल पहले भारत ने बनाया था। और अब, प्रधान मंत्री मोदी ने हमारे संविधान और परंपरा का सम्मान करते हुए गुलामी की दासता से मुक्त भारतीय संस्कृति एवं विरासत के आधार पर एक सुंदर संसद भवन हमारे देश को समर्पित किया है। इतने कम समय में निर्मित एक अद्भुत संरचना - हर देशवासी को इस पर गर्व होना चाहिए।

हालांकि कई जगह त्रुटियां हैं, कई गलतियां भी की गई जिन्हें टाला जा सकता था, और अभी हमें बेरोजगारी, बढ़ती कीमतों तथा अन्य सामाजिक मुद्दों पर एक लंबा सफर तय करना है। वर्तमान सरकार जिस गति से चुनौतियों का समाधान कर रही है वह वास्तव में प्रशंसनीय है और यह देश के उज्जवल भविष्य की उम्मीद जगाती है। निश्चित रूप से, टीम मोदी को देशवासियों के सभी सपनों को पूरा करने के लिए और अधिक समय की आवश्यकता है।

# पंजाब राज भवन ने पूरे उत्साह के साथ मनाया गोवा स्थापना दिवस

• पंजाब के राज्यपाल ने गोवा की मुक्ति हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले पंजाबी युवक शहीद करनैल सिंह बेनीपाल की पत्नी को किया सम्मानित

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

36वें गोवा स्थापना दिवस के अवसर पर पंजाब राजभवन में एक रंगारंग समारोह के अयोजन के साथ पूरा चंडीगढ़ गोवामय की भावना से सराबोर हो उठा। इस समारोह के दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, सरकारी अधिकारी और सम्मानित अतिथिगण उपस्थित रहे जो गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने के लिए जुटे थे। पंजाब राजभवन द्वारा गोवा स्थापना दिवस समारोह पंजाब और चंडीगढ़ में रहने वाले गोवा समुदाय के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गोवा और पंजाब/चंडीगढ़ के लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करना और भारत की एकता और विविधता का उत्सव मनाना था।

इस समारोह दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा गोवा के विविध लोक नृत्यों, संगीत और वेशभूषा को प्रदर्शित करती मनोरम प्रस्तुतियां पेश की गईं और पूरा राजभवन पारंपरिक गोअन संगीत की धुन में गुंजायमान हो उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देखनी, कुनबी, और लैम्प डांस जैसे मंत्रमुग्ध कर देने वाले गोअन नृत्य प्रस्तुत किये गये, जिन्होंने दर्शकों को अपनी सुंदर लय और रंग-बिरंगी पोशाकों के द्वारा वशीभूत कर दिया। इस अवसर पर गोवा के इतिहास से जुड़ी एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए, पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित ने विविधता का उत्सव मनाने और भारत के विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक मेल-जोल को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज जब हम गोवा स्थापना दिवस मना रहे हैं, तो यह हमारे लिए जरूरी हो जाता है कि हम














अपने राज्यों की सांस्कृतिक विविधता और विरासत को संरक्षित करने और इसे बढ़ावा देने के महत्व को पहचानें। हमारे देश की ताकत इसकी एकता में निहित है, जहां प्रत्येक राज्य हमारी साझा पहचान के समृद्ध तानेबाने में योगदान देता है।

राज्यपाल ने गोवा, इसकी जीवंत संस्कृति और यहां के आतिथ्य के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि, पंजाब के लोगों की तरह, "आतिथ्य गोवा के लोगों के लिए केवल एक शब्द नहीं है - यह उनकी परंपरा है"। भले ही यह देश का सबसे छोटा राज्य है लेकिन पूरी दुनिया के लिए यह एक मनोरम पर्यटन स्थल है। यह दुनिया भर के पर्यटकों के बीच इतना लोकप्रिय है कि गोवा आने वाले पर्यटकों की संख्या प्रायः राज्य की जनसंख्या से अधिक होती है।

गोवा स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने गोवा मुक्ति विमोचन समिति के सत्याग्रह में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 31 सत्याग्रहियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समरोह के दौरान राज्यपाल ने लुधियाना के इसरू गाँव के बहादुर बेटे करनैल सिंह बेनीपाल को सम्मानित किया, जो उन लोगों में से एक थे जो भारत की आज़ादी के बाद पुर्तगाली शासन से गोवा की आज़ादी चाहते थे जिसके लिए उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी। राज्यपाल ने उनकी पत्नी बीबी चरणजीत कौर और गोवा मुक्ति आंदोलन में भाग लेने वाले महादेवकर मधुकर सदाशिव को भी सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम का समापन इसे सफल बनाने वाले सभी आयोजकों, प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद के साथ हुआ। पंजाब राजभवन में अयोजित इस गोवा स्थापना दिवस समारोह को गोवा की भावना और भारत की एकता के जीवंत प्रमाण के रूप में याद किया जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां, पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर श्री जय कृष्ण सिंह, मेयर चंडीगढ़ श्री अनूप गुप्ता, भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल श्री सत्यपाल जैन और प्रशासक सलाहकार यूटी चंडीगढ़ श्री धर्मपाल शामिल थे।

**टेक्नोलॉजी**

# भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी नई ऊंचाइयों की ओर

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

1960-70 के दशक के दौरान अंतरिक्ष क्षेत्र में एक छोटी शुरुआत के बाद, भारत ने वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी राष्ट्र बनने के लिए एक लंबी यात्रा की है। विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास के लिए निजी क्षेत्र को आगे लाने तथा एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने के लिए सरकार ने ठोस प्रयास किये हैं।

भारत सरकार ने 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों की शुरुआत की, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाने और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की शुरुआत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, साथ ही निजी कंपनियों को भी समान अवसर एवं सुविधायें दी गयीं। सरकार के सुधार दृष्टिकोण को लागू करने के लिए; एक व्यापक, समग्र और प्रभावी रूपरेखा के रूप में भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 को तैयार किया गया है। इसके विज़न में अंतरिक्ष क्षमताओं का विस्तार करना शामिल है, ताकि अंतरिक्ष क्षेत्र में समृद्ध व्यावसायिक उपस्थिति को सक्षम और विकसित किया जा सके।

अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) के प्रशासनिक नियंत्रण में तथा भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) के रूप में; न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) को 2019 में निगमित किया गया था। इसका उद्देश्य, अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को एक उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण आधार के विस्तार को सक्षम बनाना है। बदले में, यह उद्यम; घरेलू और वैश्विक ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के उत्पादों और सेवाओं का व्यावसायिक उपयोग करने में उन्हें सहायता प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री ने जून 2022 में, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) का उद्घाटन किया था। इसकी स्थापना, अंतरिक्ष क्षेत्र में गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीई) को समान अवसर व स्पर्धा प्रदान करने के लिए एक स्थिर और अनुमान-योग्य नियामक रूपरेखा स्थापित करने के उद्देश्य से की गई थी। इन-स्पेस उद्योग जगत, शिक्षा जगत और स्टार्ट-अप का एक इकोसिस्टम तैयार करेगा, ताकि वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में प्रमुख हिस्सेदारी को आकर्षित किया जा सके।

भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में उद्योगों की बढ़ी हुई भागीदारी के प्रमुख उदाहरणों में शामिल है - विक्रम-एस (प्रारंभ मिशन) का 18 नवंबर 2022 को सफल प्रक्षेपण, जो मैसर्स स्काईरूट एयरोस्पेस प्रा. लिमिटेड, हैदराबाद, का उपकक्षीय प्रक्षेपण यान है। मैसर्स अग्निकुल कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई द्वारा 25 नवंबर 2022 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा स्थित इसरो परिसर में पहला निजी लॉन्चपैड और मिशन नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया। अग्निकुल द्वारा विकसित अग्निलेट सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन का 4 नवंबर 2022 को इसरो सुविधा केंद्र में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

भारतीय अंतरिक्ष स्टार्ट-अप, मेसर्स ध्रुवस्पेस के दो नैनो-उपग्रहों को पीएसएलवी-सी54 मिशन में एक राइडशेयर के रूप में लॉन्च किया गया था। मैसर्स वनवेब के जेन-1 उपग्रहों को एलवीएम3 (जीएसएलवी मार्क-III) का उपयोग करके लॉन्च किया गया था। एचएएल और एलएंडटी कंसोर्टिया; 824 करोड़ रुपये के अनुबंध मूल्य के साथ 5 पीएसएलवी के एंड-टू-एंड उत्पादन के लिए भारतीय उद्योग भागीदार होंगे। आगे बढ़ते हुए, एनएसआईएल ने 19 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और भारतीय उद्योग जगत को इसरो द्वारा विकसित 8 तकनीकों को सफलतापूर्वक हस्तांतरित किया है। इस कदम से अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था इकोसिस्टम में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा एवं भूमि के साथ-साथ अंतरिक्ष में भी अवसंरचना निर्माण में सहायता मिलेगी।



